प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

30.01.2025/प्रादेशिक समाचार/1945 बजे

''मुख्य समाचार''

- संसद का बजट सत्र कल से– राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दोनों सदनों के संयुक्त सत्र को करेंगी संबोधित।
- राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धाजलि अर्पित– देश की आज़ादी में गांधी जी के योगदान को किया गया याद।
- प्रदेश के सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों का पढ़ने का स्तर देशभर में आंका गया अव्वल– शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने जताई प्रसन्नता
- चिट्टा तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए शिमला व्यापार मण्डल की अनूठी पहल– सूचना देने वालों को ईनाम का ऐलान।

संसद–सत्र

संसद का बजट सत्र कल से शुरू हो रहा है। इससे पहले आज सर्वदलीय बैठक बुलाई गई। इस बैठक के दौरान सरकार ने सत्र के सुचारू संचालन के लिए सभी राजनीतिक दलों से सहयोग की अपील की। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू बजट सत्र के पहले दिन कल संसद के दोनों सदनों को संयुक्त रूप से संबोधित करेंगी। केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन पहली फरवरी को अगले वित्त वर्ष का बजट सदन में प्रस्तुत करेंगी। बजट सत्र का पहला चरण 13 फरवरी तक चलेगा और सत्र का दूसरा चरण 10 मार्च से 4 अप्रैल 2025 तक चलेगा। केंद्रीय बजट से चंबा ज़िले के युवाओं को भी काफी उम्मीदें हैं। आकाशवाणी से बातचीत में युवाओं ने शिक्षा, रोज़गार और कौशल विकास पर ध्यान देने की वकालत की।

गांधी दिवस– सर्वधर्म प्रार्थना

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की आज 77वीं पुण्यतिथि है। इस मौके पर देशभर में कई कार्यक्रम आयोजित कर गांधी जी को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। नई दिल्ली के राजघाट स्थित गांधी समाधि पर सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महात्मा गांधी की समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित की। हर साल 30 जनवरी को राष्ट्र महात्मा गांधी की जीवनी व विरासत को स्वतंत्रता संग्राम के मार्गदर्शक के रूप में याद करता है। इस दिन को शहीद दिवस के रूप में भी मनाया जाता है।

प्रदेश शहीद दिवस

इधर, प्रदेश में भी महात्मा गांधी की पुण्य तिथि पर कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान पर विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया, शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह सहित अन्य गणमान्य लोगों ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस मौके पर दो मिनट का मौन भी रखा गया। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि महात्मा गांधी ने पूरी दुनिया को सत्य और अहिंसा का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी ने सत्य व अहिंसा के मार्ग पर चलकर देश को एकजुट किया और आज़ादी दिलाई।

इस बीच, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने कहा कि देश की आज़ादी में महात्मा गांधी द्वारा दिए गए योगदान को राष्ट्र हमेशा याद रखेगा। उन्होंने कहा कि गांधी जी की शिक्षाएं आज भी प्रासंगिक हैं और सभी को उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए।

भेंट

तेलंगाना के उपमुख्यमंत्री मल्लू भट्टी विक्रमार्क ने आज नई दिल्ली में मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू से भेंट की। उन्होंने प्रदेश की दो विद्युत परियोजनाओं में रूचि व्यक्त करते हुए एक पत्र प्रस्तुत किया। तेलंगाना सरकार ने हिमाचल सरकार से इस संबंध में एक समझौता ज्ञापन प्रस्तुत करने का आग्रह किया ताकि इस मामले को आगे बढ़ाया जा सके। सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने बताया कि तेलंगाना विद्युत

विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की एक टीम ने सेली और मियार जल विद्युत परियोजना स्थलों का दौरा किया है और सौ मैगावॉट से अधिक क्षमता वाली परियोजनाओं में रूचि दिखाई है।

शिक्षा मंत्री

प्रदेश के सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों के पढ़ने के स्तर को देश भर में अव्वल आंका गया है और केन्द्र सरकार द्वारा हाल ही में जारी रिपोर्ट में यह खुलासा हुआ है। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने इस उपलब्धि के लिये शिक्षा विभाग को बधाई दी है। अधिक ब्यौरे के साथ हमारे सहयोगी——

*प्रदेश के सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों के पढ़ने के स्तर में उल्लेखनीय सुधार हुआ है और इस क्षेत्र में हिमाचल के विद्यार्थी देश भर में अव्वल रहे हैं। भारत सरकार द्वारा हाल ही में जारी असर रिपोर्ट में कहा गया है कि हिमाचल में तीसरी कक्षा के लगभग 47 फीसदी विद्यार्थी दूसरी कक्षा की पाठ्य पुस्तक को आसानी से पढ़ सकते हैं जबकि देश भर में यह औसत मात्र 23 दशमलव 4 फीसदी है। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा शिक्षा क्षेत्र में लगातार किये जा रहे गुणात्मक सुधारों के परिणामस्वरूप यह उपलब्धि हासिल हुई है। असर रिपोर्ट की संतोषजनक बात यह भी है कि प्रदेश के विद्यार्थियों ने पढ़ने के स्तर में इस बार केरल को भी पछाड़ दिया है।*

चिट्टा

प्रदेश में पिछले कुछ दिनों से चिट्टे की तस्करी के मामलों में वृद्धि हो रही है और पुलिस द्वारा इसके खिलाफ अभियान चलाया गया है। इसी कड़ी में शिमला व्यापार मण्डल ने भी चिट्टे के कारोबार से जुड़े लोगों को पकड़ने के लिए एक अनूठी पहल की है। व्यापार मण्डल ने चिट्टा तस्करों की सूचना देने वालों को नगद ईनाम देने का ऐलान किया है। शिमला व्यापार मण्डल के अध्यक्ष संजीव ठाकुर ने कहा कि शिमला शहर में बढ़ते चिट्टा तस्करी के मामलों पर अंकुश लगाने के लिए व्यापार मण्डल ने बैठक कर ये निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि चिट्टा तस्करों की सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

जगत सिंह नेगी

जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने आज किन्नौर ज़िले के कल्पा विकासखण्ड में विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण किया और लोगों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने अधिकारियों को जन शिकायतों के जल्द समाधान के निर्देश दिए।

कृषि मंत्री

कृषि व पशुपालन मंत्री चंद्र कुमार ने कहा है कि राज्य सरकार गांवों के विकास को विशेष प्राथमिकता दे रही है और अधिकांश योजनाएं गांवों के विकास पर केन्द्रित हैं। उन्होंने आज ज्वाली विधानसभा क्षेत्र की भलूं पंचायत में 33 लाख रूपए से बनने वाले सामुदायिक भवन का शिलान्यास किया।

जुकारू उत्सव

चम्बा की जनजातीय पांगी घाटी में इन दिनों प्रसिद्ध जुकारू उत्सव की धूम है। ये उत्सव देव आस्था के प्रतीक के रूप में मनाया जाता है और घाटी के लोग इसका बेसब्री से इंतज़ार करते हैं। शौर पंचायत के उपप्रधान निहाल सिंह और रेई पंचायत के उपप्रधान ठाणू लाल शर्मा ने पांगी घाटी के लोगों को जुकारू उत्सव की शुभकामनाएं दी हैं।

'' मुख्य समाचार एक बार फिर''

- संसद का बजट सत्र कल से– राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दोनों सदनों के संयुक्त सत्र को करेंगी संबोधित।
- राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धाजलि अर्पित– देश की आज़ादी में गांधी जी के योगदान को किया गया याद।
- प्रदेश के सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों का पढ़ने का स्तर देशभर में आंका गया अव्वल– शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने जताई प्रसन्नता

- चिट्टा तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए शिमला व्यापार मण्डल की अनूठी पहल– सूचना देने वालों को ईनाम का ऐलान।